## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक– 02.04.2026 (दोपहर–1310 बजे)

### मुख्य समाचार

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कर्मयोगी साधना सप्ताह का किया शुभारंभ, कहा– शासन का मूल मंत्र है नागरिक देवो भवः, राज्यों के बीच बेहतर समन्वय पर दिया बल।
2. पश्चिम एशिया तनाव के बीच केन्द्र सरकार का बड़ा फैसला, 40 अहम पेट्रोकेमिकल उत्पाद पर 30 जून तक सीमा शुल्क में दी छूट ।
3. सुप्रीम कोर्ट से पूर्व ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम और उनके ओएसडी रहे संजीव लाल को नहीं मिली ज़मानत ,चार सप्ताह के अंदर महत्वपूर्ण गवाहों की जाँच का आदेश।
4. बोकारो में अमन साहू गिरोह का अपराधी प्रिंस गुप्ता पुलिस एनकाउंटर में घायल, हथियार बरामदगी के दौरान की थी फायरिंग।
5. और झारखंड समेत देश भर में हनुमान जन्मोत्सव का उत्साह, राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के साथ राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने भी दीं शुभकामनाएं।

*******************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज इस बात पर जोर दिया कि भारत की तेजी से बदलती आकांक्षाओं के लिए एक ऐसे शासन मॉडल की आवश्यकता है जो न केवल कुशल हो बल्कि गहन रूप से नागरिक–केंद्रित भी हो। उन्होंने कर्मयोगी साधना सप्ताह 2026 को संबोधित करते हुए एक वीडियो संदेश में यह बात कही। उन्होंने कहा कि आज का शासन नागरिक देवो भव के मंत्र से निर्देशित है।

श्री मोदी ने कहा कि एक विकसित भारत का निर्माण केवल बुनियादी ढांचे और प्रौद्योगिकी पर ही नहीं, बल्कि कुशल और प्रतिबद्ध मानव संसाधन पर भी होगा। प्रधानमंत्री ने राज्यों के बीच बेहतर समन्वय के साथ आगे बढ़ने पर जोर दिया

*******************

केन्द्र सरकार ने पश्चिम एशिया संघर्ष और इसके कारण दुनियाभर में कच्चे तेल की आपूर्ति में आई बाधाओं के बीच 30 जून तक महत्वपूर्ण पेट्रोकेमिकल उत्पादों पर सीमा शुल्क में छूट दी है। केन्द्रीय वित्त मंत्रालय ने कहा है कि यह उपाय घरेलू उद्योगों में आवश्यक पेट्रोकेमिकल की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के लिए अस्थायी रूप में लिया गया है। मंत्रालय ने कहा कि इससे संबंधित क्षेत्रों पर लागत का दबाव कम होगा और आपूर्ति में स्थिरता आएगी और उपभोक्ताओं को राहत मिलेगी। मंत्रालय ने कहा कि कुल चालीस वस्तुओं पर सीमा शुल्क में छूट दी गई है। इनमें मेथनॉल, अमोनिया, टोल्यून, स्टाइरीन, डाइक्लोरोमेथेन और विनाइल क्लोराइड मोनोमर शामिल हैं।

*******************

केन्द्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बताया कि अप्रैल–मई 2026 के दौरान क्षेत्रीय कृषि सम्मेलनों की एक व्यापक राष्ट्रव्यापी श्रृंखला का आयोजन होगा। उन्होंने कहा कि इस पहल का उद्देश्य केंद्रीय और राज्य कृषि मंत्रियों, वैज्ञानिकों, प्रगतिशील किसानों, किसान संगठनों, किसान उत्पादक संगठनों, कृषि स्टार्टअप और निजी क्षेत्र के हितधारकों को एक साथ लाना है। उन्होंने सभी राज्यों के कृषि मंत्रियों से इसमें शामिल होने का आग्रह किया।

*******************

केन्द्रीय विद्युत मंत्री मनोहर लाल ने स्पष्ट किया है कि सभी उपभोक्ताओं के लिए प्रीपेड स्मार्ट मीटर अनिवार्य नहीं हैं। आज लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान पूरक प्रश्नों का उत्तर देते हुए श्री लाल ने कहा कि यदि उपभोक्ता प्रीपेड स्मार्ट मीटर का विकल्प चुनते हैं, तो इससे न केवल उपभोक्ताओं को बल्कि राज्यों और बिजली कंपनियों को भी लाभ होगा। उन्होंने कहा कि उचित बिल वसूली सुनिश्चित करने के लिए प्रीपेड स्मार्ट मीटर शुरू किए जा रहे हैं।

******************

टेंडर घोटाले और करोड़ों रुपये की मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आरोपी पूर्व मंत्री आलमगीर आलम और उनके पीए रहे संजीव लाल को सुप्रीम कोर्ट से फिलहाल कोई राहत नहीं मिलीं आज हुई सुनवाई में शीर्ष अदालत ने ईडी और बचाव पक्ष की आंशिक बहस सुनने के बाद फिलहाल जमानत देने से इनकार कर दिया ।. अदालत ने मामले में चार सप्ताह के अंदर महत्वपूर्ण गवाहों की जांच करने का आदेश दिया ।

******************

बोकारो जिले में हथियार बरामदगी के दौरान पुलिस के साथ एनकाउंटर में प्रिंस गुप्ता उर्फ भाटिया नामक शातिर अपराधी घायल हो गया, जिसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना आज सुबह बालीडीह थाना क्षेत्र के गोडाबाली पहाड़ी की है एसपी हरविंदर सिंह ने बताया कि पिछले महीने अमन साहू और प्रिंस खान गिरोह द्वारा व्यवसायियों को फोन कर रंगदारी की मांग की जा रही थी। इसी मामले में पुलिस ने शातिर अपराधी प्रिंस गुप्ता को गिरफ्तार किया था।

******************

गिरिडीह जिले के धनवार बाजार में बड़ी आपराधिक घटना सामने आई है। फर्जी जीएसटी अधिकारी बनकर आए छह अपराधी करीब 20 लाख रुपये से अधिक के सोना–चांदी के जेवर लेकर फरार हो गए। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की गिरफ्तारी में जुट गई है।

******************

झारखंड राज्य विद्युत नियामक आयोग ने टाटा स्टील कमांड क्षेत्र के करीब 51 हजार बिजली उपभोक्ताओं को बड़ी राहत दी है। अब पुराने मीटर की जगह स्मार्ट मीटर लगाए जाएंगे और मौजूदा उपभोक्ताओं को इसके लिए कोई शुल्क नहीं देना होगा। अधिक ब्यौरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता

******************

अमरीका के राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप के ईरान को धमकी देने के बाद घरेलू शेयर सूचकांक में डेढ़ प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। अंतिम समाचार मिलने तक सेंसेक्स 100 अंक लुढ़ककर 72 हजार 57 पर, जबकि निफ्टी 322 अंक फिसलकर 22 हजार 356 पर आ गया।

******************

राजधानी रांची के सर्राफा बाजार में आज 22 कैरेट सोने की कीमत एक लाख 42 हजार रूपये प्रति दस ग्राम है, जबकि चांदी की कीमत 2 लाख 53 हजार रूपये प्रति किलो है।

******************

झारखंड समेत देश के विभिन्न हिस्सों में आज हनुमान जन्मोत्सव पूरी श्रद्धा के साथ मनाया जा रहा है। हनुमान मंदिरों में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पूजा अर्चना के लिए जुट रहे हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अलावा राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने देशवासियों को हनुमान जयंती के अवसर पर शुभकामनाएं दी हैं।

*******समाप्त*******